Gradually an ecologically induced model of development of market systems has supplemented the eco-complex model. Under this system the concept of habitat-work place and market ecology have been accounted for. An integrated model for market development incorporating ethics and values in over all market behaviour has been actively stimulated.(Plate).

The present day society in this meta-industrial ear is under going a crisis of values. Bio-ethical dimensions are needed for the existence and development of humanity. It is here that the role of bio-marketing becomes prominent. The contribution of economic factors is a prerequisite to promote ethical values of bios. New alternatives lead to new opportunities in business. In this context Eco-marketing calls for a redefinition of the concept of profit. The concept of profit incorporates added dimensions of protecting the bio-environment, preserving resources and improving the quality of life. Religion teaches that spiritual bonds connect all human beings. They are all inter-dependent and interrelated. Eco-marketing underlines the need to integrate exchange activity with the concept of saving and energizing the bios. The unifying perceptions between science and religion, environment, bios and exchange activities are to be identified and practiced. Human creativity needs to be channeled towards an inspired and productive renaissance. Technology and the arts coupled with a sound system of values provide ample avenues for growth and can lead to the blossoming of the human spirit. Societal values may direct the transformation of present society to future society (Plate).

The model of life Field of Marketing Geography may help in understanding and in applying the concept of bio marketing (Plate).

Scanned with OKEN Scanner

# जातीय एवं प्रजातीय भारत का प्रतिरूप

# Pattern of Castes & Tribes in India

Scanned with OKEN Scanner

# I-1 जनपद जौनपुर (उ०प्र०) में जनसंख्या वितरण प्रतिरूप

अनुपमा दीक्षित
शोध छात्रा, वीर बहादुर सिंह, पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

जनपद जौनपुर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में स्थित प्राचीन ऐतिहासिक जनपदो में से एक है। यह जनपद वाराणसी मण्डल के उत्तरी भाग में स्थित अपना एक विशिष्ट, ऐतिहासिक, सामाजिक एवं राजनैतिक अस्तित्व रखता हैं। इस जनपद का विस्तार 25° से 26° उत्तरी अंक्षाश तथा 82° से 83° 5' पूर्वी देशान्तर के मध्य समुद्र की सतह से औसतन 82 मीटर की ऊचाँई पर बसा हुआ है। जनपद की लम्बाई, पश्चिम से पूर्व लगभग 90 किलोमीटर तथा चौड़ाई उत्तर से दक्षिण लगभग 85 किलोमीटर हैं। इसके उत्तर पश्चिम में सुल्तानपुर,पश्चिम में प्रतापगढ़, दक्षिण-पश्चिम में इलाहाबाद, दक्षिण में वाराणसी, पूरब में गाजीपुर तथा उत्तर पूरब में आजमगढ़ जनपद स्थित है। जनपद का क्षेत्रफल लगभग 4040 वर्ग किलोमीटर हैं, जो प्रदेश के क्षेत्रफल का लगभग 1.4 प्रतिशत है। जनपद का आकार सामान्यतः त्रिभुजाकार है। जनपद की अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। छोटी जोत, बढ़ती हुयी जनसंख्या और उद्योगों के अभाव के कारण यह जनपद उत्तर प्रदेश राज्य के आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुए जनपदो में से एक है।

इस जनपद में कुल 6 तहसीलें, 20 विकास खण्ड, 218 न्याय पंचायतें, 2052 ग्राम सभाएँ एवं 3391 आवासीय ग्रामों की संख्या है। जनपद जौनपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश एक सघन जनसंख्या वाला भाग है। इसमें गोमती एवं उसकी सहायक नदियाँ पीली, सई, बसुई, बरना आदि प्रवाहित होती है। यह मध्य गंगा मैदान का एक उपजाऊ भाग है। जो कृषि उत्पादन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। वर्ष 2001 के अनुसार इस जनपद का औसत जनसंख्या घनत्व 969 प्रति वर्ग किलोमीटर है जो अपने पासवर्ती जनपदों सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, आजमगढ़ एवं गाजीपुर की अपेक्षा अधिक है।

जनपद में जनसंख्या वितरण का अध्ययन विकास•खण्ड को आधार मानकर किया गया है। ध्यातव्य है कि यहाँ वर्तमान समय में कुल 21 विकासखण्ड है। सबसे न्यून जनसंख्या घनत्व सुइथाकलॉ विकास खण्ड में 809 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है जबकि सबसे अधिक घनत्व सिरकोनी विकास खण्ड में 1197 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी है। जन घनत्व के क्षेत्रीय वितरण को स्पष्ट करने के लिए इसे चार सम्वर्गो में विभाजित किया गया है। जिसमे न्यून जनघनत्व (900 से कम) 4 विकासखण्डों में यथा सुइथाकलॉ, महराजगंज, मुंगराबादशाहपुर एवं मछलीशहर में मिलता है। मध्यम घनत्व 901 से 1000 के अन्तर्गत 7 विकासखण्ड यथा शाहगंज, खुटहन, बदलापुर, सुजानगंज, मड़ियॉहू , बरसठी एवं मुक्तीगंज सम्मिलित है। उच्च घनत्व (1001 से 1100) के अन्तर्गत 9 विकासखण्ड यथा करजाकलां, सीकरारा, धर्मापुर, रामनगर, रामपुर, जलालपुर, केराकत एवं डोभी विकासखण्ड सम्मलित है। अति उच्च घनत्व केवल सिरकोनी विकासखण्ड में पाया गया है। उक्त अध्ययन से स्पष्ट है कि जनसंख्या घनत्व का क्षेत्रीय प्रतिरूप पूर्णतः भौगोलिक दशाओं के अनुरूप है। जनपद के उत्तरी एवं पश्चिमी अपेक्षाकृत कम उपजाऊ वाले भागों में न्यून जनसंख्या घनत्व, मध्यवर्ती व पूर्वी भाग में सामान्य घनत्व जबकि मध्यवर्ती दक्षिणी भाग में उच्च घनत्व मिलता है।

❐



Scanned with OKEN Scanner

# I-1 जनसंख्या विस्फोट जनित पारिस्थितिकी अवनयन एवं पर्यावरण प्रबंधन

डॉ० तारकेश्वर सिंह एवं डॉ० आनन्द सिंह
रीडर, भूगोल विभाग, श्री गणेश राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महाविद्यालय डोभी, जौनपुर

जनसंख्या इस पृथ्वी की सर्वश्रेष्ठ एवं बहुमूल्य संसाधन है जिसकी ज्ञानेन्द्रियां, कर्मेन्द्रिया एवं तन्मात्राएं इतनी सक्रिय एवं विकसित हैं कि विश्व का कोई भी प्राणी इसके समकक्ष नहीं है। एतदर्थ मानव इस सृष्टि का सर्वश्रेष्ठ प्राणी है। उसे अन्य प्राणियों की तुलना में प्रखर बुद्धि एवं वाणी प्राप्त है इन दो गुणों के कारण उसने प्रकृति के समानान्तर एक अन्य सृष्टि का निर्माण कर लिया है जिसे सभ्यता एवं संस्कृति कहते है। जनसंख्या अपनी मात्रात्मक एवं गुणात्मक विशेषताओं के अनुसार किसी देश के लिए वरदान एवं अभिशाप दोनों है। समाज के कार्यरत जनसंख्या का अधिकतम प्रतिशत आर्थिक समृद्धि एवं उच्च समाजिक स्तर का परिचायक है जबकि निम्नतम प्रतिशत आर्थिक पिछड़ेपन का द्योतक है। विश्व में इसलिए कुछ देशों में सीमित संसाधन ही असीमित संसाधन के रूप में है, इसके विपरीत बहुत से देशों में इसकी अधिकता एक जटिल समस्या के रूप में है। जब किसी देश में जनसंख्या का उपयोग योजनाबद्ध एवं प्रभावकारी ढंग से किया जाता है तो वहां तीव्र आर्थिक विकास होता है। अतः क्षेत्र की सम्पन्नता का द्योतक है वहीं सघन, निरक्षर एवं कार्येतर जनसंख्या विपन्नता की जन्मदात्री है। जनसंख्या के तीव्र वृद्धि से भू-सांस्कृतिक संसाधनों की उपलब्धता में क्रमिक ह्रास हो रहा है, जीवन स्तर के उन्नयन हेतु पोषक तत्त्वों में कमी आती जा रही है। फलतः मानव-पर्यावरण अन्तर्सम्बन्धों में असंतुलन की स्थिति पैदा होती जा रही है।

तीव्र गति से बढ़ती हुई जनसंख्या निश्चित तौर पर आज सम्पूर्ण विश्व की सबसे चिन्तनीय एवं ज्वलन्त समस्या बनी हुई है। जनसंख्या विस्फोट से मानव वरदान स्वरूप न होकर अभिशाप मण्डित बनता जा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता में ऋणात्मक झुकाव मानव संसाधन के स्तर में ऋणात्मक परिवर्तन करने की उद्घोषणा कर रहा है। जनसंख्या अतिरेक से बढ़ता अधिभार पार्थिव अखण्डता एवं एकता को विखण्डित कर रहा है। यही कारण है कि जनसंख्या द्वारा गये अतिशयता भरे क्रियाकलापों एवं अविवेकपूर्ण निर्णयों से सम्पूर्ण पर्यावरण की नींव हिल रही है तथा असंतुलन की स्थिति का प्रादुर्भाव हो रहा है। आज सम्पूर्ण विश्व पर्यावरण प्रदूषण के दानवी पंजे से लहूलुहान एवं आक्रांत है जिसका जिम्मेदार यही मानव है भौतिक संसाधनों का किया गया विदोहन जनाधिक्य की देन है एवं पर्यावरण प्रदूषण संसाधन विदोहन प्रक्रिया के साथ-साथ मानव द्वारा विसर्जित अपशिष्ट पदार्थों के विषाक्त पुंज का प्रतिफल है। मानव-पर्यावरण के इस विषैले अन्तर्सम्बन्ध के बीच सांस लेने वाले आधुनिक मानव को जहाँ जनसंख्या विस्फोट की स्थितियों को वैज्ञानिक अध्ययन करना अनिवार्य हैं वहीं पर्यावरण की सुरक्षा का व्रत भी उसे लेना है। इस प्रकार प्रस्तुत शोध-प्रपत्र में पर्यावरण द्वारा जनसंख्या विस्फोट एवं पर्यावरण के बीच तारतम्य स्थापित करने का प्रयास करना है।

आज सम्पूर्ण विश्व पर्यावरणीय समस्याओं से आक्रांत है। मानव एवं पर्यावरण का अटूट रिश्ता है लेकिन समय के साथ-साथ उसके अन्तर्सम्बन्धों में परिवर्तन भी होता है। जैविक विकास की प्रक्रिया में मानव अपने उच्च विकसित मस्तिष्क, निपुण हाथों एवं पर्यावरण को अपने अनुरूप ढालने की क्षमता के कारण ही पारिस्थितिकी तन्त्र के शिखर परस्थित है। मानव पर्यावरण का अंग होने के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण कारक भी है। आदिम मानव से प्राविधिज्ञ मानव (सुसंस्कृत मानव) की यात्रा में एक तरफ वह प्रगति के नित नये सोपानों की ओर अग्रसर है तो दूसरी तरफ अनेक



Scanned with OKEN Scanner

प्रकार की आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक एवं पर्यावरणीय समस्याओं का जन्मदाता भी है। विश्व के विभिनन भागों में प्राकृतिक-मानवीय भूदृश्यों का ह्रास भूमण्डलीय तापवृद्धि, स्वच्छ वायु की कमी, स्वच्छ जल का बढ़ता अभाव, बाढ़ एवं सूखे की बढ़ती बारंबारता, जीवनदायनी तत्वों में ह्रास, मिट्टी एवं वनों का ह्रास, जीव जन्तुओं का संहार एवं ह्रास, उनकी उत्पादनशीलता में ह्रास, खनिज एवं शक्ति संसाधनों का शोषण, सामाजिक-राजनैतिक तनाव एवं संत्रास, शारीरिक एवं मानसिक बीमारियाँ, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, मरुभूमि प्रसार, ऊर्जा संकट, अनिवार्य कच्ची सामग्रियों का अभाव, धुआं एवं जहरीले औद्योगिक प्रदूषण, गैसों से भरा अधिवासी क्षेत्र, तेजाबी वर्षा, रेडियो एक्टिव तत्वों एवं कीटनाशकों का फैलता जहर, ग्रीन हाउस प्रभाव में वृद्धि, ओजोन परत क्षरण, मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, हीपेटाइटिस एवं एड्स जैसी जानलेवा बीमारियों का बढ़ता प्रकोप तथा जनसंख्या में हो रही असामान्य वृद्धि आदि समस्यायें एक सर्वव्यापी त्रासदी के रूप मे समूचे वायोम के मानवास्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगाता हुआ सम्प्रति युग की असमाधेय चुनौती बन गया है। इस प्रकार आज के विकास युग में उपर्युक्त पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न होकर स्थानीय स्तर पर पारिस्थितिकी अवनयन को बढ़ावा दे रही है।

अतः अब वह प्रतीक्षित क्षण आ गया है कि अध्ययन क्षेत्र का सम्पूर्ण जनमानस पर्यावरण की सुरक्षा के महत्व को समझे एवं अपने क्रियाकलापों में विवेकपूर्ण परिवर्तन लाये। संज्ञानात्मक, भावात्मक एवं क्रियात्मक तरीकों से पर्यावरण के महत्व को क्षेत्र के लोगों को समझाकर जनजागृति लाना ही सम्प्रति मानव की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी लोगों को वांछित पर्यावरण प्रदूषण के उपायों को अपनाना होगा। जनसंख्या विस्फोट पर रोक लगाना होगा। क्षेत्र के सभी घरों में गन्दी नालियों के सफाई, शौचालय, शुद्ध पेयजल, धूम्र रहित चुल्हों, ईट भट्ठे की ऊँची चिमनियों, विद्युत शवदाह गृहों, नियोजित पशु आवासों इत्यादि की व्यवस्था करनी होगी। साथ ही वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान देना होगा। कृषि में रासायनिक उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग बन्द करना होगा। वृक्षों की कटाई पर प्रतिबन्ध लगाना होगा तथा प्रकृति के निकट रह कर जीना होगा। साथ ही विकास की आँधी को रोकना होगा तथा प्रकृति के साथ सन्तुलन स्थापित करना होगा। हमें वर्तमान के क्षणिक सुख-सुविधाओं को त्यागकर चिर-स्थायी सुख-सुविधाओं एवं भावी पीढ़ियों के लिए ध्यान देना होगा। हम सभी को प्रकृति के नियमों के अनुसार चलना होगा। हमें ध्यान देना होगा कि कम से कम प्राकृतिक सम्पदा का दोहन हो। नदियों, अन्य जल स्रोतों, वायु मृदा, वनस्पति, ध्वनि, संचार, नैतिक आचरण, मन जैसे मुद्दों को प्रदूषण से बचाना होगा। मन की अपवित्रता ही मानसिक प्रदूषण है, जब हमारा मन स्वच्छ था तब यह धरती समस्या रहित सुख शान्तिमय स्वर्ग या सतयुग था लेकिन यही मन के आज प्रदूषित होने से वह अपना ही दुश्मन बन गया है। मानसिक प्रदूषण ने ही सतयुग को कलयुग में बदल दिया है अतः मानसिक प्रदूषण को रोकने के लिए वेद, उपनिषद, पुराण एवं आध्यात्म पर आधारित भारतीय संस्कृति को समाज में स्थापित करना होगा। वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा को विश्व स्तर पर समाज में स्थापित करना होगा। विकास में स्थायित्व प्रदान करने में लिए विकास की आँधी को रोकना होगा। सादा जीवन उच्च विचार की अवधारणा को मानव समाज में स्थापित कर महात्मा गांधी के सपनों का भारत बनाना होगा, तभी हम विश्व के सामने आनन्दमय जीवन के विकास के लिए एक स्थायी स्वच्छ पर्यावरण की स्थापना कर प्रकृति के साथ मित्रवत् आचरण अपना सकते हैं तथा स्वच्छ पर्यावरण के दीर्घ लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, अन्यथा इस धरती से बिना किसी विश्व युद्ध के ही प्रदूषण के कुप्रभाव एवं कुपरिणाम के फलस्वरूप सम्पूर्ण जीव जगत का अन्त अवश्यम्भावी है।

❐



Scanned with OKEN Scanner

# I-1 ग्रामीण शिक्षा के बदलते प्रतिरूप शिक्षा मित्र योजना

डॉ० शेष नारायण पाण्डेय, प्राध्यापक
श्री दुर्गेश्वरनाथ इण्टर कालेज, रूद्रपुर, देवरिया

ग्रामीण विकास को ध्यान में रखते हुए अशिक्षा एवं बेरोजगारी की समस्या से लड़ने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 'शिक्षा मित्र' योजना चलाई गयी तथा उसे ग्राम पंचायत के अधीन रखा गया जिससे शिक्षकों के चयन भ्रष्टाचार को बढ़ावा ने मिले, प्रधान द्वारा योग्यतम व्यक्ति को इसका लाभ दिया जाय। सरकार द्वारा संचालित इस योजना को नौकर शाही से बचाने की भरपूर कोशिश की गयी। शिक्षक बन्धुओं की शिकायत थी कि उनके ऊपर शिक्षा के अलावा प्रशासन में सहयोग देना एक अतिरिक्त बोझ है। अभिभावकों का यह बहाना था कि शिक्षक पढ़ाते ही नहीं या उनके बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने दूर-दूर तक जाना पड़ता है क्योंकि उनके गाँव में विद्यालय ही नहीं है। इन सन्दर्भों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने शिक्षामित्र योजना का कार्यक्रम चलाया जिसमें गाँव के बेकार शिक्षित नौजवान गाँव में ही रहकर अस्थाई शिक्षक के तौर पर शिक्षा प्रदान करें। इनका चयन गाँव की शिक्षा समिति के अनुमोदन पर शिक्षा मंत्रालय द्वारा कराया जायेगा। समिति में प्रधान, प्रधानाध्यापक और गाँव के सदस्य होंगे। चूंकि सरकार सबके लिए भविष्य निधि की व्यवस्था कर सकने में सक्षम नहीं थी इसलिए इस योजना में शिक्षामित्र का पद अस्थाई रखा गया है। परन्तु मौजूदा परिवेश में शिक्षामित्र योजना अपने मूल उद्देश्यों से भटक गयी है।

स्वतंत्रता के पश्चात् शिक्षा ही भारत में सर्वाधिक उपेक्षित विषय रहा। देश का शीर्ष नेतृत्व की नजरों में शिक्षा की पुनर्रचना के लिए कोई स्पष्ट चित्र ही नहीं रहा। शिक्षा से सम्बन्धित हर व्याख्या में मैकाले को कोसा गया। भारत में अंग्रेजों का प्रभुत्व सदा बना रहे ऐसी शिक्षा व्यवस्था की रचना करना उसका दायित्व था। शिक्षा के विकास के लिए विभिन्न आयोगों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीतियाँ बनायी गयी। पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम आपरेशन ब्लैक बोर्ड, अनौपचारिक शिक्षा, नवोदय विद्यालय का संचनल, प्रौढ़ शिक्षा, सतत् शिक्षा, राष्ट्रीय साक्षरता मिशन आदि योजनायें चलायी गयी लेकिन योजनायें पूर्ण सफलता को नहीं प्राप्त कर सकी। हमारे नीति निर्माताओं ने हमारी सामाजिक परम्परा तत्कालीन स्थिति और उपलब्ध संसाधनों की अवहेलना करके उन्नत राष्ट्रों की नकल कर योजनाये बनायी गयी तब निश्चित ही इसमें भ्रष्टाचार और असफलता का घुन लगना ही था।

Scanned with OKEN Scanner

I-1

# प्रबन्धन एवं सतत् विकास
# जनसंख्या, पर्यावरण एवं सामाजिक मुद्दे- एक दृष्टि

बी०सी० श्रीवास्तव
वनस्पति विज्ञान विभाग, हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वाराणसी

1800 ई० तक विश्व की कुल जनसंख्या 1 अरब की जो वर्ष 2001 में बढ़कर लगभग 6 गुना हो गयी है। ऐसा अनुमान है कि यह संख्या वर्ष 2050 तक लगभग ग्यारह अरब तक हो जायेगी। आइये भारत की जनसंख्या की परिकल्पना की जाय तो यह देश वर्ष 2001 में विश्व का दूसरा अधिकतम जनसंख्या वाला देश था और यही वृद्धि दर बनी रही तो 2050 तक यह जनसंख्या एक अरब तिरसठ करोड़ हो जायेगी और भारत अधिकतम जनंसख्या वाला देश हो जायेगा।

जनसंख्या वृद्धि से पर्यावरण, प्रदूषण और सामाजिक असमानता भी उसी दर से बढ़ रही है, जिसमें मनुष्य के स्वास्थ्य एवं उसके सामाजिक-सांस्कृतिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। इस सन्दर्भ में यह आवश्यक है कि देश में शिक्षा का प्रचार प्रसार किया जाय जिससे सामाजिक बुराइयों से मुक्ति मिल सकें व मानव समाज का गुणात्मक विकास सम्भव हो।

❐

# मध्यसोन बेसिन में नगरीकरण का स्तर

डॉ० राम नयन राम
वरिष्ठ प्रवक्ता , भूगोल विभाग, महाविद्यालय छिबरा मऊ

प्रस्तुत प्रपत्र मध्य सोन बेसिन के नगरीकरण का अध्ययन उसके ग्रामीण क्षेत्रों पर पड़ने वाले प्रभाव के सन्दर्भ में किया गया है। ध्यातव्य है कि नगरीकरण को प्रक्रिया आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति को अनुगामी होती है। यह प्रक्रिया ग्रामीण अंधिवासों का नगर के रूप में हुए रूपान्तरण को एक समन्वित प्रक्रिया है जिसके फलस्वरूप ग्रामीण अधिष्ठानों व्यवसाय एवं अर्थव्यवस्था, भूमि उपयोग, समाज एवं संस्कृति, जीवन एवं रहन-सहन का स्तर और दूसरे मानव मूल्यों में क्रमशः गुणात्तम एवं मात्रात्मक परिवर्तन स्पष्ट होने लगता है। इस प्रकार नगरीकरण के स्तर का आकलन तहसील स्तर पर प्राप्त जनॉकिक ऑकड़ों के आधार पर किया गया है। आलोच्य प्रदेश के अन्तर्गत आने वाली 10 तहसीलों में से 9 तहसीलों में नगरीकरण का प्रभाव दृष्टव होता है। सामरी तहसील में पूर्णतः ग्रामीण जनसंख्या पाई जाती है।

मध्य सोन बेसिन का नगरीकरण का औसत 12.7 है। प्रदेश की मनेन्द्रगढ़ तहसील में 50 प्रतिशत जनसंख्या नगरीय है। इसके बाद नगरीकरण के स्तर में एकाएक गिरावट आती है तथा दूसरा स्थान दुद्धी तहसील का है जहाँ पर 14.23 प्रतिशत जनसंख्या नगरीय है। शेष सभी भागों में नगरीकरण बहुत कम है। नगरीकरण के इस स्तर के प्रभाव को ग्रामीण अधिष्ठानों के परिप्रेक्ष्य में विवेचित किया गया है।

$$\text{नगरीकरण का स्तर} = \frac{\text{नगरीय जनसंख्या}}{\text{कुल जनसंख्या}} \times 100$$

❐

# Regional Analysis of Female Employment Rate in West Bangal

**Md. Mustaquim and Enayat Ullah**
Research Scholar, Department of Geography, A.M.U., Aligarh

Employment in one of the most significant aspects of human population of a nation. It is an important indicator of the economic composition of region. The degree of employment or unemployment exerts its influences as one of the determinant of several socio-economic and demographic characteristics of the population. In India the employment rate has been changed from time to time due to changed in the definition of workers during different census years. Moreover the economic pattern of the country has also effect the employment rate.

West Bengal has been selected as a study area, where total female employment is 18.32% in 2001. In the state the female employment rete is lower than the national average in both rural and urban areas. The main discussion of the study is to examine the trends of female employment rete in the state since 1961 and it also attempts to identify the spatial variation of female employment rate in 2001. The whole discussionis entirely based on district level published data of relevant years obtained from census of India. For the analysis of data a simple percentage method has also been applied to find out a fruitful result.

It is observed that the female employment rate has increased from 6.43% in 1961 to 18.32% in 2001.The high female employment rates are found in the western part of the west plain region and southern part of the north plain region of the state, because aquacultural activities are dominant in these regions region and low rate of female employment is concentrated in south delta region of the state.

In case of rural areas this rate is high in north plain region and in the western part of the west plain region and relatively low in the south delta region of the state. In urban areas female employment rate is high in the northern part of south delta, region and low in western part of south delta region of the state.



Scanned with OKEN Scanner

# I-1 मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता

*प्रो० एम० एन० निगम*
निदेशक जनसंख्या एवं पर्यावरण अध्ययन संस्थान, अजमेर

ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता का प्रतिरूप (मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश) 2001

| क्र. | जनपद | कुल | पुरुष | महिला |
|---|---|---|---|---|
| 1. | खीरी | 45.97 | 57.74 | 32.17 |
| 2. | सीतापुर | 45.68 | 58.13 | 30.87 |
| 3. | हरदोई | 49.91 | 63.18 | 33.77 |
| 4. | लखनऊ | 53.86 | 65.18 | 33.77 |
| 5. | रायबरेली | 51.67 | 66.19 | 36.52 |
| 6. | उन्नाव | 51.94 | 64.49 | 37.87 |
| 7. | बाराबंकी | 45.90 | 56.86 | 32.19 |
| 8. | कानपुर देहात | 65.81 | 76.02 | 53.66 |
| 9. | कानपुर नगर | 65.66 | 75.15 | 54.49 |
| 10. | फतेहपुर | 54.59 | 67.90 | 39.53 |
| | **योग** | **51.44** | **63.87** | **37.23** |

उपरोक्त सारिणी से स्पष्ट है कि सन् 2001 में मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश की औसत ग्रामीण साक्षरता दर 51.4 थी जबकि सन् 2001 में इस क्षेत्र के उत्तरी भाग में ग्रामीण साक्षरता की दर अपेक्षाकृत कम थी। -यथा सीतापुर में 45.7, बाराबंकी में 45.9, खीरी में 46.0 हरदोई में 49.9 प्रतिशत ही थी। मध्यम ग्रामीण साक्षरता वाले जनपद अध्ययन क्षेत्र में मध्य एवं दक्षिणी भाग में मिलते हैं। ये जिले हैं रायबरेली, उन्नाव, लखनऊ तथा फतेहपुर। इनमें साक्षरता दरें क्रमशः 51.7, 51.9, 53.9 तथा 54.6 थीं।

उच्च साक्षरता वाले जिलों में ग्रामीण साक्षरता दर 61 से 70 प्रतिशत के मध्य रही। इनमें प्रमुख कानपुर नगर कानपुर देहात जनपद थे, जिनमें ग्रामीण साक्षरता दरें क्रमशः 65.7 तथा 65.8 थी।

### ग्रामीण पुरुष साक्षरता

उपरोक्त सारिणी से स्पष्ट है कि मध्य उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पुरुष तथा ग्रामीण महिला साक्षरता दरों में भी पर्याप्त अन्तर था। सन् 2001 में मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पुरुष साक्षरता दर 37.2 थी। स्पष्ट है कि ग्रामीण महिला साक्षरता दर ग्रामीण पुरुष साक्षरता दर की तुलना में काफी कम थी। उसका प्रमुख कारण यह है कि मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली महिलाओं का भारत के अधिकतर भागों की तरह समाज में निम्न एवं उपेक्षित स्तर है। ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार महिलाओं की शिक्षा के प्रति कम जागरूक रहते हैं। इसका दूसरा कारण गाँवों में फैली गरीबी है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की न्यून साक्षरता का प्रमुख कारण पारिवारिक उपेक्षा है। इस प्रदेश



Scanned with OKEN Scanner

के ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में जहाँ आज भी शिक्षण सुविधाओं की अपर्याप्तता है, महिलाओं को ग्राम से बाहर शिक्षा के लिए भेजना भी नहीं के बराबर है।

सन् 2001 में मध्य उत्तर प्रदेश के अति उच्च ग्रामीण पुरुष साक्षरता दर रखने वाले जिलों में कानपुर देहात तथा कानपुर नगर थे, जिनमें ग्रामीण पुरुष साक्षरता दर क्रमशः 76.0 तथा 75.2 थी (चित्र २)। उक्त दोनों जनपदों में अति उच्च ग्रामीण पुरुष साक्षरता मिलने का सर्वप्रथम कारण कानपुर महानगर की निकटता है, जहाँ शिक्षा के अनेक संस्थान हैं। सन् 2001 में मध्यवर्ती ग्रामीण पुरुष साक्षरता रखने वाले जिलों में वे सम्मिलित हैं, जिनमें साक्षरता दरें 60 से 70 के मध्य मिलती हैं। सन् 2001 में इस वर्ग में मध्य उत्तर प्रदेश के हरदोई (63.2), उन्नाव (64.5), रायबरेली (66.2) तथा फतेहपुर (6709) सम्मिलित हैं।

मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश के खीरी, बाराबंकी तथा सीतापुर जिले ग्रामीण पुरुष साक्षरता की दृष्टि से निम्न साक्षरता दर वाले जिले हैं, जिनमें सन् 2001 में ग्रामीण पुरुष साक्षरता दर क्रमशः 57.7, 57.9 तथा 58.1 थी।

**ग्रामीण महिला साक्षरता**

मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश ग्रामीण महिला साक्षरता की दृष्टि से भारत के पिछड़े क्षत्रों में सम्मिलित हैं। सन् 2001 की जनगणना के अनसार मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश में ग्रामीण साक्षरता दर 37.2 रही। जनपदीय स्तर पर ग्रामीण महिला साक्षरता को उपरोक्त सारिणी में अवलोकन करने पर स्पष्ट होता है कि मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश के कुल 10 जिलों में से जिलों में ग्रामीण महिला साक्षरता दर 40.1 से कम रही। इन जिलों में सीतापुर (30.6), खीरी (32.2), हरदोई (33.8), उन्नाव (37.9), फतेहपुर (39.5) तथा लखनऊ (40.0) जिले सम्मिलित हैं। सन् 2001 में मध्यवर्ती उत्तर प्रदेश के जिलों में सर्वाधिक ग्रामीण महिला साक्षरता दर रखने वाले जिलों में कानपुर नगर (54.5) तथा कानपुर देहात (53.7) जिले सम्मिलित हैं। उक्त दोनों जिलों में ग्रामीण महिला साक्षरता दर के अधिक रहने का प्रमुख कारण कानपुर महानगरीय सभ्यता का प्रभाव तथा महिला शिक्षण संस्थाओं की सुविधा है।

Scanned with OKEN Scanner

# I-1 निचले सोन बेसिन की ग्रामीण जनसंख्या का प्रादेशिक विश्लेषण : एक विधितंत्रात्मक अध्ययन

डॉ० जय प्रकाश राय
रीडर, भूगोल विभाग, डी.सी.एस.के. महाविद्यालय मऊनाथ भंजन

जनसंख्या के विश्लेषण एवं प्रस्तुतीकरण की अनेक विधियां हैं। जनगणना रिपोर्ट में सार्वजनिक सूचना के दृष्टिकोण से विश्लेषण किया जाता है जबकि शोध कार्य शोध के उद्देश्यों के अनुरूप विधि अपनाकर जनसंख्या के आंकड़ों का विश्लेषण होता है। प्रस्तुत प्रपत्र में जनसंख्या विश्लेषण के त्रि-आधारी मानारेख के माध्यम से ग्रामीण जनसंख्या के विश्लेषण के समझाया गया हे त्रिआआर्टी ओरख (Ternary Diagram) क्रियाशील जनसंख्या के प्रादेशिक स्वरूप की ओर अधिक स्पष्ट करने हेतु पेल्टो (1954) महोदय द्वारा प्रयुक्त तिहरा आरेख का प्रयोग किया गया है। इस आरेख का सर्वप्रथम कलार्क महोदय ने 1940 में किया था जिसे संशोधित कर पेल्टों ने प्रस्तुत किया।

प्रयुक्त आरेख मे त्रिभुज की तीनों समान लम्बाई की भुजाओं पर प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक क्रिया-कलापों के प्रतिशत को अंकित किया गया है। त्रिभुज के मध्य निर्मित षटकोण के अन्तर्गत A,B,C की स्थिति को प्रकट करता है। त्रिभुज के उपरी भाग को A द्वारा आवृत्त क्षेत्र प्राथमिक क्रिया-कलाप तथा त्रिभुज के दक्षिण-पश्चिमी भाग में B द्वारा आवृत्त क्षेत्र तृतीयक क्रिया-कलापों के क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। त्रिभुज की तीनों भुजाओं पर स्थित मध्यवर्ती भाग जो AB, BC तथा AC द्वारा प्रदर्शित है, क्रमशः प्राथमिक द्वितीय , द्वितीयक-तृतीयक एवं प्राथमिक-तृतीयक कार्यों के मिश्रित प्रभाव क्षेत्र को सीमांकित रहता है। इस तरह त्रि-आधारी आरेख के सात खण्ड प्रदर्शित हैं। प्रत्येक अंचल के प्राथमिक, द्वितीयक तृतीयक कार्यों के अनुपात के आधार पर उन्हें त्रिभुज के कटान बिदुंओ पर अंकित किया गया है। ❐



Scanned with OKEN Scanner

# I-2 Latest Concept in Relation to Lactating Mothers & Infant Health

Mrs. Amrita Shahi , Dr. (Mrs.) Shakti Singh &
Mrs. Divya Rani Singh
Department of Home Science
D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

The importance of breast-feeding in infant nutrition, health and survival has long been recognized. The recognition that lactation may have profound effects on maternal nutrition and fertility is of more recent origin. It is now well established that over millennia, breast-feeding has been the major determinant of infant growth, health and survival and the contraceptive effect of lactation has been the principal regulator of human fertility.

The present decade is witnessing marked changes in the life-style, nutritional status, morbidity profile, fertility pattern and contraceptives use in Indian women; some of these may directly or indirectly have an impact on breast feeding practices. There is increasing employment of women outside the home and consequent reduction in "demand feeding" and earlier introduction of supplements to the infant. Health education, appropriate contraceptive care and food supplements to lactating women could result in improvement in maternal nutritional status, more rapid return of fertility and faster advent of the next pregnancy if contraceptive care is not provided. With the advent of the HIV epidemic, conflicting advice from different agencies regarding breast feeding in seropositive women has raised some doubts in the minds of both professionals and the general public regarding the continued advocacy for breast feeding in all segments of population.

Adequate Nutrition of the Mother during lactation is also of vital important since during the first few months of life, the infant deriver all her nutrition from the mother's milk generally, the child is breastfed for 6-9 months. As the mother has to nourish a fully developed and rapidly growing infant, she needs extra nutrients to meet the baby needs in addition to her own requirements. Any inadequacies in her diet influence both the quantity and the quality of milk secreted although the effect on quantity is more pronounced. A well nourished mother on an average secretes about 850 ml of milk/day, whereas in care of a severely malnourished mother, the level may go down to as low as 400 ml/day. As for quality, the mother has an excellent ability ability to breast feed her baby successfully ever if the diet is not able to meet her own nutritional needs adequately in such a case, the mother draws on her body reserves to meet the needs of lactation at the cost of her own health. However, dietary deficiencies of water soluble vitamins like ascorbic acid and vitamins of B-group, lead to lower levels of there vitamins in breast milk. The protein, carbohydrate and calcium content in mother's milk is not altered ever when the mother is malnourished.



Scanned with OKEN Scanner

I-2

# बच्चों में कुपोषण कारण तथा निवारण

डा० (श्रीमती) शक्ति सिंह एवं
श्रीमती नीलम वैश्य
गृह विज्ञान विभाग, दी०द०उ० गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

आज का बच्चा कल देश का भविष्य होता है। अतः स्वस्थ्य नागरिक पैदा करना देश तथा समाज के प्रति हम सभी का मूल कर्तव्य बनता है। जिसके लिए यह आवश्यक हो जाता है कि माँ के गर्भ से ही शिशु को किसी भी प्रकार से पोषक तत्वों की कमी नहीं होने पाये अर्थात गर्भावस्था में माँ द्वारा लिया गया पूर्णकालिक तथा संतुलित आहार के द्वारा ही शिशु का भावी जीवन आधारित होता है। किन्तु गर्भावस्था के दौरान यदि माता को पूर्ण पौष्टिक अर्थात् गुणात्मक तथा भारात्मक रूप से अपर्याप्त आहार गर्भस्थ शिशु को भी विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों की कमी जैसे कुपोषण, एनीमिया आदि का शिकार होना पड़ता है, और अत्याभाव की दशा में गर्भावस्था के दौरान माता तथा शिशु की मृत्यु भी हो सकती है, साथ ही जिस तरह शिशु के जन्म के बाद माँ के द्वारा ६ माह तक स्तनपान अति आवश्यक होता है उसी प्रकार ६ माह बाद शिशु को माँ के दूध की मात्रा कम करते हुए उसे अन्य पूरक आहार न देने अर्थात् केवल माँ के दूध पर ही निर्भर रहने से शिशुओं के वृद्धि तथा विकास के लिए सभी पोषक तत्वों जैसे कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन्स, मिनरल्स, वसा आदि उपयुक्त मात्रा में नही मिल पाते अतः ऐसी दशा में उनके शरीर में हो रही पोषक तत्वों कमी धीरे-धीरे भयंकर परिणाम के रूप में सामने आते हैं अर्थात छोटे बच्चों (०-६ वर्षो) में जब आहार मे से विशेषकर प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण अर्थात् PEM के रूप में दिखाई देता है। प्रोटीन, ऊर्जा, कुपोषण बच्चों के साथ-साथ किशोरों, वयस्कों तथा स्तनपान कराने वाली स्त्रियों में भी देखा जाता है। प्रोटीन, ऊर्जा, कुपोषण के कारण विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है तथा इससे मृत्यु तक हो सकती है।

अधिकांश भारतीयों के भोजन में चाहे वह गरीब हो या अमीर, वृद्ध हो या युवा, स्त्री हो या पुरुष, गर्भवती हो या धात्री, किसी न किसी पौष्टिक तत्वों की अधिकता या कमी रहती ही है। विशेषकर गरीब किसान, मजदूर तथा निम्न आर्थिक वर्ग के लोगो का भोजन गुणात्मक तथा मात्रात्मक दोनों दृष्टि से अपर्याप्त होता है। भारत की अधिकांश गरीब जनता को प्रतिदिन सुबह शाम भरपेट दाल-रोटी भी नसीब नहीं होती है अतः वे प्रोटीन-कैलोरी कुपोषण या कुपोषण के शिकार हो जाते है भरपेट अनाज न मिल पाने से वे निर्बल, कमजोर, निशक्त एवं थके-थके दिखाई देते हैं।

"कुपोषण पोषण की वह स्थिति है जिसके कारण व्यक्ति के स्वास्थ्य में गिरावट आने लगती है, यह एक या एक से अधिक पोषक तत्वों की कमी या अधिकता या असंतुलन के कारण होती है जिसके कारण शरीर रोग ग्रस्त हो जाता है। ०–5 वर्ष के बच्चों में इसके गम्भीर परिणाम ज्यादा दिखाई पड़ते हैं।

❐



Scanned with OKEN Scanner

II-1

# खाद्यान्नों में घुलता जहर : जैव कृषि

सुभाष कुमार
प्रयोगशाला सहायक, भूगोल विभाग, महाराणा प्रताप महाविद्यालय, गोरखपुर

धरातल पर समस्त जीवधारियों को जीवन्त रहने के लिए उदरपूर्ति आवश्यक है। प्रधानतः मानव समाज ने जब से सभ्यता तथा संस्कृति की विकास यात्रा प्रारम्भ की तभी से भोज्य तथा पेय पदार्थों की आपूर्ति तथा उपलब्धता प्रकृति भी विभिन्न कालावधियों में परिवर्तित होती जा रही है। विज्ञान तथा तकनीकी क्षेत्र में हुई व्यापक प्रगति ने भी इस क्षेत्र में अपना ठोस प्रभाव जमाया। नवीनतम कृषि प्रौद्योगिकी ने भी कृषि उत्पादन के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की ।

तीव्रगति से प्रौद्योगिकी विकास ने हमारी सामान्य जीवन शैली को इतना अत्याधुनिक बना दिया है कि हमारा सामान्य स्वास्थ्य सुधरने की अपेक्षा बिगड़ने लगा है। इस तथ्य का महत्वपूर्ण उदाहरण 'हरित क्रांति' है जिसके मुख्य आधार हैं। उन्नत तथा संकट बीज, कीट नाशक रसायन, सिंचाई की नई तकनीक तथा आधुनिकतम कृषि प्रबन्ध इत्यादि। परन्तु अब उसके प्रतिकूल प्रभाव भी सामने आ रहे हैं। विश्व खाद्य संगठन तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक आकलन के अनुसार भारत सहित अधिकतर विकासशील देशों 90 प्रतिशत जन-साधारण प्रतिदिन विषाक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने के लिए मजबूर हैं। इस तरह के खाद्य सामग्रियों में अन्न, दाल, दूध, फल तथा सब्जियाँ आदि प्रमुख हैं और इन पदार्थों का सेवन करना भी उनकी मजबूरी बन जाती है। इस तरह से विषाक्त खाद्य पदार्थों का आहार लेने से सिरदर्द, उच्च रक्तचाप, जी घबराना, सफेद दाग, पाचन तंत्र की खराबी, अम्ल, पथरी, प्रजनन क्षमता में कमी तथा कैंसर जैसे प्राणघातक रोगों के होने की आशंका हो जाती है।

वास्तव में कृषि सम्बन्धित विभिन्न क्रियाओं के दौरान ही खाद्य पदार्थों में विषाक्त तत्वों का प्रवेश होता है अतः कृषि विज्ञान के अनुसार विषैले खाद्य पदार्थों को दो भागों में बाँटा जा सकता है। पहला है सम्पर्क विष (कॉन्टैक्ट पॉइजन) जो पौधों पर छिड़काव के दौरान कीटों तथा किसानों को प्रभावित करता है। दूसरा है- व्यवस्थित विष (सिस्टमोटिक पॉइजन) जिसके छिड़काव के पहले ही पौधा बन जाता है और बाद में कीट उस पौधे के सम्पर्क में आने से पहले ही मर जाता है। इस तरह इन पौधों से उत्पन्न अनाज विषाक्त होते हैं।

यहाँ तक कि फसल काटने के बाद भी भंडारण के लिए रासायनिक कीटनाशकों (जैसे एल्मूनियम फास्फाइड) का भरपूर उपयोग किया जाता है । यदि बिना धोए इस प्रकार के अनाज को पिसवा लिया जाए या सीधे तौर पर उपयोग किया तो इसके सेवन करने वालों को सिर-दर्द, उल्टी, चक्कर, पेट की गड़बड़ी आदि की शिकायत हो जाती है।

इस तरह से स्पष्ट होता है कि कृषि पद्धति में मूलभूत या आमूल परिवर्तन करना अत्यावश्यक है वरना कीटनाशकों के उपयोग को कम करना उस पर रोक लगाना संभव नहीं है।

प्रस्तुत शोध-प्रपत्र में खाद्यान्त पदार्थों में घुलते जहर, मानव स्वास्थ्य पर उनके घातक प्रभाव एवं कृषि पद्धति के स्वरूप को परिवर्तित कर रोक के सुझाव दिये गये हैं।



Scanned with OKEN Scanner

# II-3 ग्रामीण भारत में शाश्वत ऊर्जा के प्रतिरूप एवं सम्भावनाएँ

डॉ. विजय कुमार चौधरी, प्रवक्ता, भूगोल
डॉ. प्रदीप कुमार राव, प्राचार्य
महाराणा प्रताप महाविद्यालय, गोरखपुर

भारत एक विकासोन्मुख देश है। विकास की निरन्तरता में ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका है। पेट्रोलियम संसाधनों की ऊँची दरें तथा कोयले की क्षीणता ने भारतीय जन मानस को उद्वेलित किया है कि यदि विकास के पहिये को गतिमान रखना है तो ऊर्जा के लिए विकल्पों पर अधिक ध्यान देना होगा। वर्तमान समय में भारत के ग्रामीण अंचल गंभीर ऊर्जा संकट के दौर से गुजर रहे हैं। इन क्षेत्रों में बिजली संकट को शाश्वत ऊर्जा (अक्षय ऊर्जा) का भरपूर विकास करके दूर किया जा सकता है। क्योंकि, सम्पूर्ण देश में इसी क्षेत्र में प्रतिवर्ष एक लाख मेगावाट तक बिजली उत्पादित की जा सकती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में 350 लाख उन्नत चूल्हों और 3.71 लाख परिवार-बायो गैस संयंत्र को स्थापना कर खाना पकाने की ऊर्जा की दिशा में एक बड़ी सफलता अर्जित की गई है। इस क्षेत्र में भारत पूरे विश्व में चीन के बाद दूसरे स्थान पर है। बायोगैस संयंत्र और उन्नत चूल्हों के प्रयोग प्रति वर्ष 1.6 करोड़ टन ईधन की लकड़ी का बचत किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष 9.4 मीट्रिक टन यूरिया के बराबर जैविक उर्वरक का उत्पादन किया जा रहा है। जिससे अधिक व्ययशील रसायनिक उर्वरकों की खपत कम हो गयी है साथ ही पर्यावरण की हानि में भी कमी आयी है। इसी तरह पवन ऊर्जा से 45 हजार मेगावाट, सौर ताप ऊर्जा से 5 लाख करोड़ मेगावाट बिजली क्षमता प्रतिवर्ष उपलब्ध है। और बायोमास तथ बगास से 17500 मेगावाट, लघुपन बिजली क्षेत्र से 15000 मेगावाट, शहरी कचरे से 1700 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता का आंकलन किया गया है।

अक्षय ऊर्जा मंत्रालय ने भविष्य में 20 लाख बायोगैस संयंत्र 14 करोड़ वर्गमीटर पानी गर्म करने के सामूहिक क्षेत्र का विकास तथा 12 करोड़ उन्नत चूल्हों की स्थापना का कार्यक्रम बनाया है।

11 वीं पंचवर्षीय योजना के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि केन्द्रीय गैर परम्परागत ऊर्जा स्रोत मंत्रालय इस दिशा में अभी से गंभीर है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली अभी नहीं पहुँच पायी है 2012 तक उन आंचलों में 30 लाख गोबर गैस सयंत्र, 50 लाख सौर लाइट, 20 लाख सौर स्ट्रीट लाइट, दूर-दराज के गाँवों में पानी गर्म करने की



Scanned with OKEN Scanner

सुविधाएँ देने व 18 हजार गाँवों की स्थाई अक्षय ऊर्जा स्रोतों के विकास की योजना बनाई जा रही है। मंत्रालय की योजना इन स्रोतों में विकास करके 10 हजार मेगावाट बिजली प्रति वर्ष पैदा करने की है।

प्रस्तुत शोध-पत्र में द्वितीयक आँकड़ों का प्रयोग किया गया है। द्वितीयक आँकड़ों के संग्रहण के पश्चात् सारणीयन एवं विश्लेषण करके तथ्यों को स्पष्ट किया गया है।

भारत शाश्वत ऊर्जा के उत्पादन तथा विकास में एक अग्रणी देश बनता जा रहा है। यदि पिछले दो दशकों में जितनी वृद्धि इस क्षेत्र में हुई वह जारी रही तो निकट भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की उपलब्धता सुचार रूप से होने लगेगी। उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत-पत्र में विशद् विचार करते हुए भविष्य को सम्भावनाओं को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है।

❐

Scanned with OKEN Scanner

# III-1 सूचना विस्फोट एवं ग्रामीण जीवन पद्धति

डॉ० प्रदीप कुमार राव
प्राचार्य, महाराणा प्रताप महाविद्यालय गोरखपुर
डॉ० विजय कुमार चौधरी
प्रवक्ता, भूगोल, महाराणा प्रताप महाविद्यालय गोरखपुर

संचार एवं समाज का अटूट सबन्ध है। संचार और समाज एक दूसरे से उसी प्रकार सम्बन्धित है जैसे एक बीज का वृक्ष से सम्बन्ध। कुछ मुर्धन्य विद्वान बीज की उत्पत्ति पहले मानते हैं कुछ वृक्ष की/दोनों में जो भी पहले उत्पन्न हुआ हो लेकिन उनका अन्योनाश्रित सम्बन्ध विद्मान है। शिशु के जन्म की प्रथम सूचना रोने के माध्यम से संसार ही समाज को देता है और इसी तरह अंतिम साँस का संकेत भी संचार माध्यमों से प्राप्त होता है। इस प्रकार यह निर्विवाद सिद्ध है कि संचार और समाज एक ही सिक्के के दो-पहलू जैसे हैं। ध्यात्वय है कि पाषाण युग से परमाणु युग तक की यात्रा मानव समाज ने संचार के कंधों पर बैठकर ही तय किया है। अर्थात कबूतर से कम्प्यूटर तक की मानव सभ्यता की उड़ान संचार के पंखों से ही पूरी हुई है। इसलिए संचार और समाज, चाहे वह ग्रामीण समाज हो या नगरीय का अटूट सम्बन्ध स्वीकार किया जाता है।

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों के सम्प्रेषण की अपनी अलग पहचान है क्योंकि इस पर स्थानीय ग्रामीण परिवेश की स्पष्ट छाप दिखायी पड़ती है। स्थानीय ग्रामीण संप्रेक्षय माध्यम जैसे लोक गीत, लोक नृत्य, राम लीला आदि ग्रामीण क्षेत्रों के जन संचार के महत्वपूर्ण साधन है। संचार सुविधाओं के मामले में वर्तमान समय में लगभग 35 प्रतिशत गाँव सड़कों से जुड़े हुए नहीं है टेलीफोन की सुविधा भी बहुत से गाँवों में नहीं पहुँच पायी। यातायात जैसी भौतिक संचार की सुविधायें भी गाँवों में सरलता से उपलब्ध नहीं हैं। भारत के विकसित राज्यों में गाँवों की स्थिति अपेक्षा कुछ अच्छी है लेकिन अन्य राज्यों के गाँवों में स्थिति अच्छी नहीं है यहाँ तक कि बहुत सारे गाँव देश की मुख्यधारा से कटकर अपने ही परिवेश में जी रहे हैं।

सर्वप्रथम पहल आल इंडिया रेडियो ने किया ग्रामीण श्रोताओं तक प्रसारण पहुँचाने के 1940 के दशक में सामुदायिक रेडियो से ग्रामीण क्षेत्रों में वितरित किया गया। सामुदायिक रेडियो सेटों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के लोग ग्रामीण क्षेत्र के बाहर की अनेकानेक गतिविधियों तथा महत्वपूर्ण कृषि सम्बन्धी जानकारी से अवगत होने लगे जो कालान्तर में 'हरित क्रांति' को सफल बनाने में विशेष भूमिका की निर्वहन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में नब्बे के दशक से पहले महत्वपूर्ण एवं नवीनतम जानकारियों , मनोरंजन के साधन के साथ ही साथ रेडियों कृषि सम्बन्धी नवीन ज्ञान के संप्रेक्षण के महत्वपूर्ण साधन रहे।

1975 में 'साइट (सेटेलाइट इन्स्ट्रक्शनल टेलीविजन एक्सपेरिमेंट) जैसी महत्वपूर्ण परियोजना के माध्यम से देश के छः राज्यों के 2400 गाँवों को सामुदायिक टेलीविजन सेट उपलब्ध कराये गये जो सीधे उपग्रह प्रणाली से जुड़े थे। वर्ष 2005–06 के आम बजट में 'ग्राम ज्ञान केन्द्र' स्थापित करने की घोषणा की गई है। इन सूचना केन्द्रों में आधुनिकतम सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए गाँव वालों की सूचना, शिक्षा और संचार की आवश्यकताओं को पूरा किया जायेगा।

प्रस्तुत शोध प्रपत्र में भारत के ग्रामीण परिवेश में सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते प्रभाव का सकरात्मक एवं नकारात्मक दोनों पहलुओं को रेखांकित रहते हुए समीक्षा प्रस्तुत किया जायेगा।



Scanned with OKEN Scanner

## राष्ट्रीय संगोष्ठी ( 7-9 जनवरी, 2006 ) :

'ग्रामीण भारत का भविष्य' विषय पर त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन कर महाविद्यालय ने अपने प्रथम सत्र में ही अकादमिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनायी। संगोष्ठी का उद्घाटन प्रसिद्ध विचारक एवं राजनैतिक चिन्तक माननीय के. एन. गोविन्दाचार्य ने तथा विषय प्रवर्तन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं जाकिर हुसैन चेयर, मैसूर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. आर. पी. मिश्र ने किया। अध्यक्षता पुरातत्ववेत्ता प्रो. शिवाजी सिंह ने किया। समापन अवसर पर प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. भरत झुनझुनवाला मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। संगोष्ठी में 12 प्रान्तों के 169 प्रतिनिधियों सहित कुल 300 प्रतिभागियों ने अपने शोधपत्रों का प्रस्तुतिकरण किया।

**संवाद पत्रिका का विमोचन-** सत्र 2006 में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी पर आधारित पत्रिका 'संवाद' का विमोचन नाटमो के निदेशक डा. पृथ्वीश नाग ने किया। इस अवसर पर 'ग्रामीण भारत का भविष्य ' विषय पर उनका शोधपूर्ण व्याख्यान हुआ।

राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते के.एन. गोविन्दाचार्य एवं अन्य अतिथि

राष्ट्रीय संगोष्ठी के तकनीकी सत्र को सम्बोधित करते भरत झुनझुनवाला

महाविद्यालय में व्याख्यान देते डॉ. पी. नाग एवं मंचासीन अतिथि